जलागम प्रबन्धन विभाग

कार्यपूर्ति दिग्दर्शिका

2013-14

जलागम प्रबन्ध निदेशालय, उत्तराखण्ड
देहरादून

अनुक्रमणिका

क्र.सं.		विवरण	पृष्ठ सं0
1		**जलागम प्रबंध निदेशालय, उत्तराखण्ड**	
	1.1	पृष्ठ भूमि	03
	1.2	जलागम प्रबंध निदेशालय के उद्देश्य	04
	1.3	जलागम प्रबंध निदेशालय के प्रमुख कार्यक्रम	04
	1.4	जलागम प्रबंध निदेशालय द्वारा कियान्वित परियोजनायें	06
2		**जलागम प्रबंध निदेशालय की स्थापना**	
	2.1	जलागम प्रबन्ध निदेशालय का पुनर्गठन	11
	2.2	पुनर्गठित जलागम प्रबंध निदेशालय के उद्देश्य	11
	2.3	उत्तराखण्ड के जलसमेट क्षेत्र, जलागम, उप जलागम एवं सूक्ष्म जलागमों का विवरण	12
	2.4	उत्तराखण्ड में जनपदवार सूक्ष्म जलागमों की अध्यावधिक स्थिति	13
	2.5	निदेशालय के अंतर्गत पदों का विवरण	14
	2.6	जलागम प्रबंध निदेशालय के वित्तीय संसाधनों का स्रोत	14
	2.7	मानक मदवार अनुमानित व्यय एवं प्रस्तावित बजट	15
3		**जलागम प्रबन्ध परियोजना अनुश्रवण विकास परिषद**	
	3.1	परिषद के वित्तीय संसाधन के श्रोत	16
	3.2	मानकमदवार अनुमानित ब्यय एवं प्रस्तावित बजट	17
4		**जलागम विकास परियोजनाओं हेतु समान मार्गदर्शी सिद्वान्त, 2008**	
	4.1	केन्द्र पोषित समेकित जलागम विकास कार्यक्रम	18
	4.2	आई0डब्लू0एम0पी0 की 18 वर्षीय योजना (2009–2027)	20
	4.3	प्रारम्भिक परियोजना रिपोर्ट 2010–11	22
	4.4	प्रारम्भिक परियोजना रिपोर्ट 2011–12	23
	4.5	प्रारम्भिक परियोजना रिपोर्ट 2012–13	24
	4.6	परियोजना में अवमुक्त धनराशि एवं उसके सापेक्ष व्यय	25
	4.7	समेकित जलागम प्रबन्ध कार्यक्रम के वित्तीय संसाधनों के स्रोत	25
	4.8	कार्यक्रम के मानक मदवार अनुमानित व्यय एवं प्रस्तावित बजट	26
5		**विश्व बैंक वित्त पोषित उत्तराखण्ड विकेन्द्रीकृत जलागम विकास परियोजना (ग्राम्या)**	
	5.1	उत्तराखण्ड विकेन्द्रीकृत जलागम विकास परियोजना (संक्षिप्त परिचय)	27
	5.2	उप योजना जैफ	28

अनुक्रमणिका

क्र.सं.		विवरण	पृष्ठ सं0
		उद्देश्य	28
		योजना गतिविधियॉ	28
		अपेक्षित परिणाम	30
		जैफ उप योजना क्षेत्र	30
		जैफ उप योजना में वर्षवार निष्पादित कार्य	32
		जैफ उप योजना में वर्षवार व्यय	33
		जैफ उप योजना में प्रतिपूर्ति धनराशि	38
		योजना मूल्यॉकन एवं अनुश्रवण	38
	5.3	विश्व बैक वित्त पोषित उत्तराखण्ड विकेन्द्रीकृत जलागम विकास परियोजना–द्वितीय चरण	41
		परियोजना क्षेत्र	41
		परियोजना लागत एवं वित्त पोषण	42
		परियोजना उद्देश्य	42
		परियोजना घटक	43
		परियोजना की प्रमुख विशेषतायें	43
		योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2013–14 एवं 2014–15 में प्रस्तावित कार्य	43
		परियोजना समितियॉ	45
	5.4	वित्तीय संसाधन के स्रोत	45
	5.5	मानक मदवार वास्तविक व्यय एवं बजट प्राविधान	46
	5.6	परियोजना प्रबन्धन एवं पदों का विवरण	47
6		**अन्तराष्ट्रीय कृषि विकास निधि द्वारा वित्त पोषित समेकित आजीविका सहयोग परियोजना**	
	6.1	परियोजना क्षेत्र	51
	6.2	परियोजना उद्देश्य	52
	6.3	परियोजना घटक	52
	6.4	परियोजना लागत	53
	6.5	वित्तीय संसाधन एवं श्रोत	53
	6.6	मानक मदवार बजट प्राविधान, अनुमानित व्यय 2013–14 एवं प्रस्तावित बजट अनुमान 2014–15	54
	6.7	परियोजना प्रबन्धन एवं पदों का विवरण	55
7		**वार्षिक योजना 2014–15**	**57**
8		**गठित समितियॉ**	**62**

1 जलागम प्रबन्ध निदेशालय, उत्तराखण्ड

1.1 पृष्ठभूमि

उत्तराखण्ड एक जैवीय विविधतायुक्त तथा पारिस्थितिकीय दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील राज्य है, जिसका अधिकांश भाग पर्वतीय है। यहां के अधिकतर क्षेत्रों में भूमि व मिट्‌टी पथरीली तथा भू–कटाव से प्रभावित है। मनुष्य तथा पशुओं के बढ़ते जैविक दबाव, प्राकृतिक संसाधनों यथा मृदा, जल एवं वनस्पति के अवैज्ञानिक दोहन, त्रुटिपूर्ण भू–उपयोग विधियाँ अपनाने, उपयुक्त प्रबंध तकनीक के अभाव तथा सामूहिक परिसम्पत्तियों का प्रबंधन करने वाली पारम्परिक संस्थाओं के विघटन के कारण हमारी जीवनदायिनी नदियों के जलग्रहण क्षेत्रों का ह्रास हुआ है। इसके फलस्वरूप समस्त पारिस्थितिकीय तन्त्र पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। अतः इस पर्वतीय भू–भाग के वैज्ञानिक नियोजन तथा समेकित प्रबन्धन की आवश्यकता प्रतीत हुई है।

माह अगस्त 1978 में बाढ़ की विभीषिका के पश्चात् इसके कारणों के अध्ययन व रोकथाम के उपायों हेतु भारत सरकार द्वारा गंगा यमुना बेसिन में बाढ़ नियंत्रण के लिये एक उच्चस्तरीय कार्यकारी दल का गठन किया गया। कार्यकारी दल ने अपनी संस्तुति रिपोर्ट 1978 में प्रस्तुत की। केन्द्रीय कार्यकारी दल की संस्तुतियों के आधार पर भारत सरकार ने 1979 में ऊपरी गंगा बेसिन की प्रमुख नदियों के जलागम क्षेत्रों के उपचार का निर्णय लिया और तद्नुसार वन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा नवम्बर 1981 में उक्त क्षेत्र के उपचार हेतु Overall Development Plan **"सम्पूर्ण विकास की योजना"** तैयार की गयी।

मार्च 1982 में तत्कालीन उत्तर–प्रदेश शासन द्वारा "ओवरऑल डेवलेपमेंट प्लान" को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्र में भूक्षरण एवं पर्यावरण ह्रास की विकट समस्याओं पर रोक लगाने हेतु विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों को समेकित रूप से एक प्रशासकीय अथॉरिटी के अन्तर्गत 'मल्टी डिसीप्लिनरी फोर्स' के माध्यम से जलागम क्षेत्र के आधार पर कराये जाने के लिये **जलागम प्रबंध निदेशालय** की स्थापना की गई, जिसके माध्यम से शनैः शनैः सम्पूर्ण पर्वतीय क्षेत्र का उपचार सूक्ष्म जलागम क्षेत्रों के आधार पर किया जाना प्रस्तावित था। इसके अन्तर्गत पर्यावरणीय संरक्षण एवं

विकास हेतु वृक्षारोपण, सामाजिक वानिकी, औद्यानिकी, चारागाह विकास, अच्छी नस्ल के उच्च उत्पादकता वाले पशुओं की संख्या में वृद्धि, कृषि भूमि की उत्पादकता बढ़ाने हेतु उन्नतशील प्रजातियों के बीजों एवं उर्वरकों का वितरण, लघु सिंचाई एवं लघु अभियांत्रिकी संरचनाओं आदि के निर्माण से संबंधित कार्यों के समेकित रूप से सफल संचालन हेतु राज्य, जिला एवं क्षेत्रीय स्तर पर कार्यालय/इकाईयां स्वीकृत की गईं।

1.2 जलागम प्रबन्ध निदेशालय के उद्देश्य

- प्रदेश के समस्त पर्वतीय जिलों के अनुपचारित क्षेत्र का जलागम पद्धति से उपचार करना।
- स्थानीय समुदाय व संस्थाओं की भागीदारी से पर्यावरण संरक्षण और विकास करना।
- उन्नत कृषि एवं **कृषि विविधीकरण** द्वारा ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं एवं निर्बल वर्ग की आर्थिक स्थिति में सुधार करना।
- ग्रामीण समुदाय विशेषकर महिलाओं एवं निर्बल वर्ग को जलागम परियोजनाओं के नियोजन एवं क्रियान्वयन में सहभागी बनाकर उनमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना।
- पशु प्रबन्धन में सुधार कर, चारे की उपलब्धता में वृद्धि तथा **जल संसाधनों के संरक्षण, प्रबंधन एवं जल संभरण** द्वारा ग्रामीण महिलाओं के कार्य बोझ में कमी लाना।
- सामुदायिक उपयोग के संसाधनों के रखरखाव हेतु चक्रीय कोष (**Revolving Fund**) विकसित करना, तथा स्वयं सहायता समूहों (**Self Help Groups**) का गठन।
- आय सृजन सम्बन्धी कार्यक्रमों के द्वारा ग्रामीण समुदाय की आय में वृद्धि करना।

1.3 जलागम प्रबन्ध निदेशालय के प्रमुख कार्यक्रम

1.3.1 वानिकी कार्यक्रम:– चारे की उपलब्धता के उद्देश्य से ग्रामों के समीपवर्ती क्षेत्रों में चारा प्रजातियों के पौधों का रोपण, ईधन की उपलब्धता हेतु समीपवर्ती वन क्षेत्रों पर बढ़ते दबाव को रोकने के लिये ईधन प्रजातियों के पौधों का रोपण, तथा अवनत वनों के सघनीकरण हेतु वृक्षारोपण कार्य किये जाते हैं।

1.3.2 **भूमि संरक्षण एवं नदी नाला नियंत्रणः–** बरसाती नदियों तथा छोटे–छोटे नालों से ग्रामों का समीपवर्ती क्षेत्र विशेषकर कृषि भूमि भू–स्खलन से प्रभावित है। इन नालों का उपचार एवं नियंत्रण करने हेतु वानस्पतिक अवरोधक, ड्राई स्टोन चैक डैम तथा क्रेट वायर चैक डैम आदि का निर्माण किया जाता है। नदी के बहाव को नियंत्रित करने हेतु साइड वाल, तटबंध आदि बनाकर कृषि भूमि की सुरक्षा के कार्य किये जाते हैं।

1.3.3 **वाटर हार्वेस्टिंग (जल संभरण) तथा लघु सिंचाईः–** सिंचाई तथा मछली पालन को बढावा देने के उद्देश्य से तालाब का निर्माण व मरम्मत, वर्षा जल के संग्रहण से सिंचन क्षमता में वृद्धि करने हेतु सिंचाई टैंक का निर्माण व चाल खाल जीर्णोद्धार, सिंचाई दक्षता बढाने के लिये सीमेंट/कंक्रीट की पक्की सिंचाई गूलों का निर्माण व सिंचाई के लिये पानी को पम्प करने के लिये डीजल इंजिन का वितरण किया जाता है।

1.3.4 **औद्यानिकीः–** रिक्त, ढलुवा भूमि को उपयोग मे लाने व कृषकों की आय में वृद्धि हेतु नये उद्यानों की स्थापना, कृषकों के घरों के नजदीक घरवाड़ी कार्यक्रम के अन्तर्गत फलदार पौधों का रोपण, सब्जी–भाजी के उत्पादन में वृद्धि तथा बेमौसमी सब्जियों के उत्पादन को प्रोत्साहित किये जाने हेतु उन्नत प्रजाति के सब्जी–भाजी बीज मिनीकिट का वितरण व प्रदर्शन करने के साथ–साथ पुराने उद्यानों का जीर्णोद्धार भी किया जाता है।

1.3.5 **कृषि कार्यक्रम–** उत्पादन में वृद्धि करने के उद्देश्य से उन्नत प्रजाति के बीजों तथा नई कृषि तकनीक से होने वाले लाभों को प्रदर्शित करने के लिये उन्नत कृषि बीज मिनीकिटों का वितरण व कृषि क्षेत्रो में प्रदर्शन किया जाता है। भूमि कटाव एवं मृदा के ह्रास को रोकने के लिये कृषि टैरेस की मरम्मत भी इस कार्यक्रम के अर्न्तगत की जाती है।

1.3.6 **कृषि उत्पादन का विपणनः–** परियोजना द्वारा ग्राम स्तर पर कृषक समूह गठित कर, क्षेत्रीय स्तर पर कृषक समूहों के महासंघों का गठन किया जाता है। इन समूह एवं महासंघों के माध्यम से कृषि उत्पादों का विपणन किया जाता है। इस हेतु कृषि विपणन के क्षेत्र में दक्ष सहयोगी संस्थाओं की सेवायें ली जाती हैं।

1.3.7 **पशुपालन कार्यक्रमः–** दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हेतु पशु नस्ल सुधार के लिये नैसर्गिक अभिजनन केन्द्रों की स्थापना व प्रजनन पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को रोकने हेतु अनावश्यक तथा छुट्टा सांडों का बधियाकरण, पशुओं को पौष्टिक चारा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उन्नत चारा बीज मिनीकिट का वितरण किया जाता है। उन्नत नस्ल के पशुओं के लिये कृषकों में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से समय–समय पर पशु प्रदर्शनियों का

आयोजन किया जाता है। पशुओं को खूंटे पर बांधकर खिलाने की पद्धति को प्रोत्साहित करने के लिये तथा चारे की बचत हेतु नांद का निर्माण भी किया जाता है। साथ ही चारे के सही उपयोग व बचत को प्रोत्साहित करने हेतु प्रदर्शन के रूप मे चारा उपकरणों का वितरण भी किया जाता है।

1.3.8 **ग्रामीण मार्गों का सुदृढीकरणः–** ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्य मार्गो से जोड़ने, यातायात तथा विपणन सुविधा को मद्देनजर रखते हुए ग्रामीण मार्गो का सुधार/सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जाता है।

1.3.9 **बायो गैस संयत्रः–** ईधन हेतु वनों पर निर्भरता को कम करने तथा महिलाओं को खाना पकाने में सुविधा देने के उद्देश्य से बायोगैस संयत्रों की स्थापना की जाती है।

1.3.10 **प्रशिक्षण, क्षमता विकास व सामुदायिक सहभागिताः–** ग्रामीण समुदाय विशेषकर ग्रामीण महिलाओं को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने, योजना के नियोजन, कार्यान्वयन व सृजित परिसम्पतियों के रखरखाव में ग्रामीण समुदाय की भागीदारी को सुनिश्चित करना प्रशिक्षण का प्रमुख उद्देश्य है। इसके अन्तर्गत पंचायतीराज संस्थाओं के सदस्यों, सम्बन्धित उपभोक्ता समूहों एवं स्वयं सहायता समूहों को परियोजना के नियोजन, कार्यान्वयन तथा अभिलेखों के रख–रखाव आदि से सम्बन्धित प्रशिक्षण तथा क्षेत्र भ्रमण भी कराया जाता है, जिससे उनकी क्षमता का विकास हो सके। राजस्व ग्राम स्तर पर समन्वय हेतु एक ग्रामीण मोटीवेटर रखी जाती है।

1.4 जलागम प्रबन्ध निदेशालय द्वारा क्रियान्वित परियोजनायें

1.4.1 पूर्ण परियोजनायें

◈ यूरोपियन आर्थिक समुदाय (ई0ई0सी0) द्वारा वित्त पोषित

दक्षिण भागीरथी फेज–I परियोजनाः

क्षेत्र – जनपद टिहरी गढ़वाल (6 MWS), 192 वर्ग किमी0

अवधि– वर्ष 1982 से वर्ष 1988 तक

व्यय – रू0 6.46 करोड़

कार्यान्वयन – रेरवा विभागों द्वारा।

◈ विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित हिमालयन जलागम प्रबंध परियेाजना

क्षेत्र – जनपद पौड़ी एवं अल्मोड़ा (75 MWS), 2867 वर्ग किमी0

अवधि – वर्ष 1983 से वर्ष 1992 तक

व्यय – रू0 80.49 करोड़

कार्यान्वयन– वर्ष 1987–88 तक रेखा विभागों द्वारा। मध्यावधिक समीक्षा के उपरान्त 1988–89 से यूनीफाईड कमाण्ड के अन्तर्गत परियोजना प्रशासन द्वारा।

◈ ई0ई0सी0 द्वारा वित्त पोषित दक्षिण भागीरथी फेज–।।

क्षेत्र – जनपद टिहरी गढ़वाल(18 MWS), 356 वर्ग किमी0

अवधि – वर्ष 1988 से वर्ष 1996 तक

व्यय – रू0 19.56 करोड़

कार्यान्वयन – यूनीफाईड कमाण्ड के अन्तर्गत परियोजना प्रशासन द्वारा।

◈ ई0ई0सी0 द्वारा वित्त पोषित भीमताल परियोजना

क्षेत्र – जनपद नैनीताल (8 MWS), 216 वर्ग किमी0

अवधि – वर्ष 1991 से वर्ष 1998 तक

व्यय – रू0 12.68 करोड़

कार्यान्वयन – यूनीफाईड कमाण्ड के अन्तर्गत परियोजना प्रशासन द्वारा।

◈ ई0ई0सी0 द्वारा वित्त पोषित दून वैली समन्वित जलागम प्रबन्ध परियोजना

क्षेत्र–जनपद देहरादून, टिहरी गढवाल व नैनीताल (62MWS),2408 वर्ग कि0मी0

अवधि – वर्ष 1993 से वर्ष दिसम्बर 2001 तक

व्यय– रू0 102.12 करोड़

कार्यान्वयन – यूनीफाईड कमाण्ड के अन्तर्गत परियोजना प्रशासन द्वारा जिसमें ग्राम स्तर पर योजना निर्माण की नीति अपनायी गयी तथा कार्यान्वयन एवं मूल्यांकन में ग्रामीणों विशेषकर ग्रामीण महिलाऐं सहभागी रही हैं। परियोजना समाप्ति के उपरान्त सृजित परिसम्पतियों का ररव–रखाव भी ग्राम संसाधन प्रबन्ध समिति (गरिमा) द्वारा किया गया। इस हेतु परियोजना काल में लाभार्थियों द्वारा बनाये गये चक्रीय कोष (रिवाल्विंग फंड) में रु0 2.84 करोड़ जमा किये गये।

◈ विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित आई0 डब्ल्यू0 डी0 पी0 (हिल्स–।।) शिवालिक परियोजना

क्षेत्र – जनपद पौड़ी, नैनीताल एवं ऊधम सिंह नगर (24 MWS), 1573 वर्ग किमी0

अवधि – सितम्बर, 1999 से सितम्बर, 2005 तक

लागत – कुल रू0 187.12 करोड़

कार्यान्वयन– परियोजना का नियोजन, कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण और मूल्यांकन ग्रामीणों द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त परियोजनान्तर्गत किये गये कार्यो का भुगतान भी ग्रामीणों द्वारा बनाई गई **ग्राम संसाधन प्रबन्ध समितियों (गरिमा)** के माध्यम से किया गया। परियोजनाकर्मी ग्रामीणों के इस कार्यक्रम में सहभागी बनकर निरंतर तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करते रहे, यही नहीं सामुदायिक व व्यक्तिगत लाभ के कार्यो के कार्यान्वयन में ग्रामीणों ने लाभार्थी अंशदान भी दिया। इसके अतिरिक्त सृजित परिसम्पतियों के रखरखाव हेतु लाभार्थियों द्वारा बनाये गये चक्रीय कोष में उनके द्वारा रू0 1.57 करोड़ जमा किये गये।

आई0डब्ल्यू0डी0पी0 शिवालिक (हिल्स–।।) के अन्तर्गत 505 गरिमाओं का गठन किया गया। गरिमा के प्रमुख कार्य निम्नवत थे –

- ग्रामीणों को संगठित कर ग्राम योजना तैयार करना व उसका कार्यान्वयन।
- मासिक बैठकों की कार्यवाही का रिकॉर्ड रखना।
- परियोजना द्वारा सृजित परिसम्पत्तियों का रखरखाव।
- चक्रीय कोष का गठन एवं सक्रिय रूप से उसका संचालन।
- लाभार्थियों का चयन, परियोजना कार्यान्वयन हेतु लाभार्थी अंशदान व चक्रीय कोष हेतु अंशदान के लिये लाभार्थियो को प्रोत्साहित करना।
- परियोजना कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में ग्रामीणों को अंशदान हेतु प्रोत्साहित करना।
- परियोजना कार्यक्रमों /लेखा एवं लाभार्थी अंशदान का रिकॉर्ड रखना।
- ग्रामीणों के मध्य विवादों का समाधान।

परियोजना में 496 स्वयं सहायता समूह गठित किये गये। सदस्यों द्वारा समूह के कोष में नियमित अंशदान दिया गया। इस प्रकार इन समूहों के कोष में रू0 43.60 लाख जमा किये गये। इस धनराशि में से कुछ धनराशि सदस्यों को कुटीर उद्योगो के संचालन हेतु ऋण के रूप में उपलब्ध कराई गई ।

◈ विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित "उत्तराखण्ड विकेन्द्रीकृत जलागम विकास परियोजना" (ग्राम्या)

परियोजना क्षेत्र– जनपद देहरादून, टिहरी, उत्तरकाशी, पौडी गढ़वाल, रूद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, चम्पावत, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, नैनीताल (76 MWS) 2348 वर्ग कि0मी0

परियोजना अवधि – सितम्बर, 2004 से 2012 तक

परियोजना लागत – लगभग 488 करोड़ रूपया

परियोजना का कार्यान्वयन – कृषि व्यवस्था में सुधार एवं क्षमता विकास परियोजना द्वारा तथा जलागम उपचार एवं ग्राम विकास के कार्यक्रमों का कार्यान्वयन ग्राम पंचायतों द्वारा।

अतिरिक्त वित्त पोषणः – वर्ष 2010 में विश्व बैंक से अतिरिक्त वित्त पोषण हेतु 0.798 करोड़ अमेरिकन डालर के अनुबन्ध पर हस्ताक्षर हुए, जिससे परियोजना की कुल धनराशि लगभग रु0 488 करोड़ हो गई।

जलागम प्रबन्ध निदेशालय की विभिन्न पूर्ण परियोजनाओं के अन्तर्गत 896 करोड़ रुपया व्यय कर 269 सूक्ष्म जलागमों के 9960 वर्ग कि0मी0 क्षेत्र में परियोजना कार्य किया गया।

1.4.2 चालू परियोजना

वाह्य वित्त पोषित

- **विश्व बैंक वित्त पोषित UDWDP के अन्तर्गत Global Environment Facility (GEF) Trust Fund की उप परियोजना SLEM**

परियोजना क्षेत्र– उत्तराखण्ड विकेन्द्रीकृत जलागम विकास योजना क्षेत्रान्तर्गत जनपद उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, नैनीताल एवं बागेश्वर।

परियोजना अवधि– 2009 से अगस्त 2013

परियोजना लागत– 7.49 मि0 अमेरिकन डॉलर (लगभग रु0 37 करोड़)

- **IFAD द्वारा वित्त पोषित समेकित आजीविका सहयोग परियोजना (ILSP)**

परियोजना क्षेत्र – जनपद– पौड़ी गढ़वाल, नैनीताल एवं चम्पावत (22 सूक्ष्म जलागम का 702 वर्ग कि0मी0 जलागम क्षेत्र)

परियोजना अवधि – 2012 से 2019

परियोजना लागत – रू0 244 करोड़

केन्द्र पोषित

केन्द्र पोषित समेकित जलागम प्रबन्धन कार्यक्रम के अन्तर्गत अब तक 3253 वर्ग कि0मी0 क्षेत्र हेतु रु0 467.37 करोड़ लागत की 62 योजनाएँ स्वीकृत हुई हैं, जिनमें परियोजना कार्यक्रमों का कार्यान्वयन प्रारम्भ किया जा रहा है। इन योजनाओं में भारत सरकार द्वारा 90 प्रतिशत तथा राज्य सरकार द्वारा 10 प्रतिशत व्यय भार वहन किया जा रहा है।

1.4.3 नई प्रस्तावित परियोजना

विश्व बैंक वित्त पोषित उत्तराखण्ड विकेन्द्रीकृत जलागम विकास परियोजना – फेज–2 (ग्राम्या–2)

उत्तराखण्ड विकेन्द्रीकृत जलागम विकास परियोजना (ग्राम्या) के सफलता पूर्ण संचालन के पश्चात् परियोजना के फेज–2 हेतु 170 मिलियन अमेरिकन डॉलर अर्थात लगभग रुपया 1020 करोड़ के योजना प्रस्ताव पर विश्व बैंक से सहमति प्राप्त हो गई है। जिसमें 121.2 मि0 अमेरिकन डालर, लगभग रु0 727 करोड़ की प्रतिपूर्ति विश्व बैंक से 3 मि0 डालर लगभग रु0 18 करोड़ लाभार्थी अंशदान से तथा 45.8 मि0 डालर लगभग रु0 275 करोड़ के समतुल्य धनराशि राज्य सरकार द्वारा वहन की जायेगी। यह योजना प्रदेश के 18 विकास खण्डों के 2638 वर्ग कि0मी0 क्षेत्र में कार्यान्वित की जायेगी जिसमें 509 ग्राम पंचायतों के 26,000 परिवार लाभान्वित होंगे। सात वर्षीय यह योजना इस वर्ष 2014 में प्रारम्भ होकर वित्तीय वर्ष 2021–22 में पूर्ण होगी।

2 जलागम प्रबन्धा निदेशालय की स्थापना (राज्य सेक्टर योजना)

2.1 जलागम प्रबन्ध निदेशालय का पुनर्गठन

जलागम प्रबंध निदेशालय द्वारा जलागम के आधार पर कृषि, भूमि सरंक्षण, वन, ग्राम्य विकास आदि विभागों के माध्यम से जलागम परियोजनाओं का कार्यान्वयन कराया जाना है। ढालू एवं पर्वतीय भू–संरचना के क्षेत्रों में अनियंत्रित जल प्रवाह से भू–क्षरण के कारण कृषि भूमि, वानस्पतिक आवरण का ह्रास रोकने के उद्देश्य से जलागम को नियोजन की इकाई मानते हुए जलागम प्रबन्धन एवं विकास की कई योजनाएं क्रियान्वित हैं। इन योजनाओं का वित्त पोषण भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के माध्यम से होता है।

राज्य के अन्तर्गत राज्य स्तर पर विभिन्न जलागम प्रबन्ध योजनाओं का संचालन, जो विभिन्न विभागों/एजेन्सियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा किया जा रहा था, को समेकित रूप से उनके अनुश्रवण/ समन्वयन हेतु जलागम प्रबन्ध निदेशालय को एक नोडल एजेन्सी के रूप में चिन्हित किया गया। इस दायित्व को सुचारू एवं समयबद्ध तरीके से संचालित करने हेतु जलागम प्रबन्ध निदेशालय को एकछत्र इकाई के रूप में स्थापित करने का निर्णय लेते हुए **शासनादेश संरव्या 203/जलागम /कृषि /2002 दिनांक 15 मई 2002** द्वारा जलागम प्रबंध निदेशालय का पुनर्गठन कर स्थायी स्वरूप प्रदान किया गया।

2.2 पुनर्गठित जलागम प्रबंध निदेशालय के उददेश्य

- विभिन्न विभागों एवं एजेंसियों द्वारा संचालित की जा रही जलागम आधारित योजनाओं जैसे बरानी खेती (शुष्क भूमि) विकास योजना, बंजर भूमि विकास योजना, सूखे के प्रभाव को कम करने हेतु क्षेत्रीय सूखोन्मुख योजना (डी0पी0ए0पी0), नदियों के कैचमेंट क्षेत्र के भूमि कटाव को रोकने हेतु नदी घाटी परियोजना (आर0वी0पी0) आदि योजनाओं में समन्वय तथा इनमें केन्द्राभिमुखता सुनिश्चित करना तथा प्रभावी नियोजन एवं मूल्यांकन ।
- प्राकृतिक संसाधनों का उचित उपयोग तथा प्रबन्धन, पारिस्थितिकीय संतुलन को बनाये रखना, ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादकता में वृद्धि, कृषि आधारित आर्थिक विकास, ग्रामीण समुदाय की क्षमता

का विकास, भूमि कटाव की रोकथाम, जल संग्रहण तथा क्षेत्र का विकास तथा स्थानीय जन जीवन को निरन्तर विकास की ओर अग्रसर करना है।

- जलागम योजनाओं के लिए केन्द्र/वाह्य वित्त संस्थाओं से वित्तीय संसाधन जुटाना।
- ग्रामीण सहभागिता को अधिक व्यापक एवं व्यवहारिक स्वरूप देने, क्षमता निर्माण के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन एवं विकसित तकनीकी जानकारी का प्रसार तथा परियोजना क्षेत्रों में सामुदायिक सहभागिता हेतु स्थानीय संस्थाओं की स्थापना।
- भू–सूचना पद्धति (जी0आई0एस0) को विकसित कर डाटा बैंक तैयार करना व राज्य स्तर पर जलागम योजनाओं के प्रभाव का आंकलन एवं डाक्यूमेंटेशन, दृश्य एवं श्रव्य कार्यक्रमों का आयोजन।

2.3 उत्तराखण्ड के जलसमेट क्षेत्र, जलागम, उप जलागम एवं सूक्ष्म जलागमों का विवरण

क0सं0	जलसमेट क्षेत्र का नाम	जलागमों की संख्या	उप जलागमों की संख्या	सूक्ष्म जलागमों की संख्या
1	यमुना	5	19	161
2	गंगा ''अ''	2	5	56
3	गंगा ''ब''	2	12	88
4	भागीरथी	2	18	159
5	अलकनन्दा	5	22	207
6	रामगंगा	3	11	87
7	कोसी	4	13	117
8	काली	3	16	235
	कुल	26	116	1110

2.4 उत्तराखण्ड में जनपदवार सूक्ष्म जलागमों की अध्यावधिक स्थिति

क्र0 सं0	जिला	सूक्ष्म जलागमों की संख्या	उपचारित सूक्ष्म जलागमों की संख्या *	सूक्ष्म जलागमों में चालू योजनाएं *	अनुपचारित सूक्ष्म जलागमों की संख्या	3200 मी0 से कम ऊँचाई वाले सूक्ष्म जलागमों की संख्या **	3200 मी0 से अधिक ऊँचाई वाले सूक्ष्म जलागमों की संख्या
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**	**8**
1	पौड़ी	129	78	32	19	19	0
2	देहरादून	95	47	24	24	24	0
3	चमोली	140	24	69	47	16	31
4	उत्तरकाशी	164	10	86	68	26	42
5	टिहरी	134	44	46	44	42	2
6	रूद्रप्रयाग	40	10	23	7	3	4
7	अल्मोड़ा	100	15	69	16	16	0
8	बागेश्वर	56	5	35	16	13	3
9	पिथौरागढ़	130	3	41	86	44	42
10	चंपावत	40	4	20	16	16	0
11	नैनीताल	74	23	25	26	26	0
12	उधमसिंह नगर	08	1	1	6	6	0
	कुल	**1110**	**264**	**471**	**375**	**251**	**124**

* योजनायें सूक्ष्म जलागम के आंशिक क्षेत्रों (मिनी वाटरशैड) में क्रियान्वित

** शनैःशनैः उपचारित किये जाने वाले सूक्ष्म जलागम

जलागम प्रबन्धन को सुदृढ़ करने तथा इसके सुगम क्रियान्वयन हेतु पुनर्गठित जलागम प्रबन्ध निदेशालय के अधीन प्रशासनिक, नियोजन, मूल्यांकन एवं अनुश्रवण, तकनीकी तथा परियोजना कार्यान्वयन शाखायें स्थापित की गयी हैं, जिनमें 262 पदों का सृजन किया गया है।

2.5 जलागम प्रबन्ध निदेशालय के अन्तर्गत पदों का विवरण

क0सं0	पद नाम	वेतनबैंण्ड	ग्रेड वेतन	स्वीकृत पद	कार्यरत
1	मुख्य परियोजना निदेशक	34400–67000	1	1	1
2	अपर निदेशक नियोजन/मूल्यांकन	37400–67000	8900	1	1
3	अपर निदेशक तकनीकी	37400–67000	8900	1	1
4	उप निदेशक मूल्यांकन/ अनुश्रवण	15600–39100	6600	1	1
5	उप निदेशक नियोजन, प्रालेखन/प्रसार	15600–39100	6600	1	1
6	कम्प्यूटर प्रोग्रामर	9300–34800	4200	1	0
7	जी0आई0एस0 तकनीशियन	9300–34800	4200	1	0
	कुल योग–			**7**	**5**

निदेशालय में स्वीकृत 262 पदों में से 255 पदों को उत्तराखण्ड विकेन्द्रीकृत जलागम विकास परियोजना एवं समेकित आजीविका सहयोग परियोजना में स्वीकृत किया गया है, अवशेष 7 पद निदेशालय में यथावत हैं। इन परियोजनाओं की समाप्ति के उपरान्त ये पद निदेशालय में यथावत बने रहेंगे।

2.6 जलागम प्रबन्ध निदेशालय के वित्तीय संसाधनों के स्रोतः

लेखा शीर्षक–	अनुदान सं0 17 लेखाशीर्षक – 2401, फसल कृषि कर्म–00 आयोजनागत, 800 अन्य योजनायें, 05– जलागम प्रबन्ध निदेशालय– 00	
वित्तीय वर्ष	वित्तीय वर्ष 2013–14 में अनुमानित व्यय	वित्तीय वर्ष 2014–15 हेतु आय–व्ययक अनुमान
आयोजनागत व्यय/बजट प्राविधान	राजस्व– रू0 43.11 लाख पूंजीगत– रू0 00.00 लाख **कुल– रू0 43.11 लाख**	राजस्व– रू0 69.80 लाख पूंजीगत– रू0 00.00 लाख **कुल– रू0 69.80 लाख**

2.7 मानक मदवार अनुमानित व्यय 2013–14 एवं आय–व्ययक अनुमान 2014–15

(हजार रू0 में)

मानक मद	वित्तीय वर्ष 2013 – 2014		वित्तीय वर्ष 2014–15 हेतु आय–व्ययक अनुमान
	बजट प्राविधान	वर्ष में अनुमानित व्यय	
राजस्व मद			
01– वेतन	2616	1948	3000
02– मजदूरी	0	0	0
03– महंगाई भत्ता	2213	1753	3300
04– यात्रा भत्ता	0	0	150
05– स्थानान्तरण यात्रा भत्ता	0	0	100
06– अन्य भत्ता	452	580	330
07– मानदेय	0	0	0
08– कार्यालय व्यय	0	0	0
09– विद्युत	0	0	0
10– जल कर	0	0	0
11– लेखन सामग्री	0	0	0
12– कार्यालय साज	0	0	0
13– टेलीफोन	0	0	0
14– गाडियों का क्रय	0	0	0
15– वाहनो का रखरखाव	0	0	0
16– व्यवसायिक सेवायें	0	0	0
17– किराया	0	0	0
18– प्रकाशन	0	0	0
19– विज्ञापन	0	0	0
20– ग्रान्ट इन एड	0	0	0
24– वृहद.. निर्माण कार्य	0	0	0
25– लघु निर्माण कार्य	0	0	0
26– मशीनरी/उपकरण	0	0	0
27– चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति	0	0	100
28– वाहनों का रखरखाव	0	0	0
29– अनुरक्षण	0	0	0
42– अन्य व्यय	0	0	0
44– प्रशिक्षण	0	0	0
45– एल0टी0सी0	0	0	0
46– कम्प्यूटर/हार्डवेयर क्रय	0	0	0
47– कम्प्यूटर रखरखाव	0	0	0
योग राजस्व	**5281**	**4311**	**6980**
24– भवन निर्माण	**0**	0	**0**
कुल योग	**5281**	**4311**	**6980**

3

जलागम प्रबन्ध परियोजनायें अनुश्रवण विकास परिषद

उत्तराखण्ड राज्य में जलागम प्रबन्ध की समस्त योजनाओं जिनका संचालन विभिन्न विभागों/ एजेंसियों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा किया जा रहा है, का यथेष्ट लाभ जन सामान्य तक पहुॅचाने के उद्देश्य हेतु माननीय जलागम मंत्री, उत्तराखण्ड की अध्यक्षता में जलागम प्रबन्ध परियोजनायें अनुश्रवण विकास परिषद का गठन किया गया है।

उत्तराखण्ड राज्य स्तरीय जलागम प्रबन्ध परियोजनायें अनुश्रवण विकास परिषद के कार्य व अधिकारः

- ❖ जलागम विकास योजनाओं की समीक्षा करना तथा सुझाव।
- ❖ जलागम विकास योजनाओं के कार्यों की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिये समय– समय पर सुझाव।
- ❖ जलागम विकास हेतु संसाधनों में वृद्धि के लिये उपाय प्रस्तावित करना।
- ❖ उत्तराखण्ड राज्य स्तरीय जलागम प्रबन्ध परियोजनाओं अनुश्रवण विकास परिषद का अस्तित्व शासन के अग्रिम आदेशों तक रहेगा।

3.1 जलागम प्रबन्ध परियोजनायें अनुश्रवण विकास परिषद के वित्तीय संसाधनों के स्रोतः

लेखा शीर्षक–	अनुदान सं0 17 लेखाशीर्षक – 2401, फसल कृषि कर्म–00 आयोजनागत, 800 अन्य योजनाये, 11– जलागम प्रबन्ध परियोजनायें अनुश्रवण विकास परिषद	
वित्तीय वर्ष	वित्तीय वर्ष 2013–14 में अनुमानित व्यय	वित्तीय वर्ष 2014–15 हेतु आय–व्ययक अनुमान
आयोजनागत व्यय/बजट प्राविधान	राजस्व– रू0 4.90 लाख पूंजीगत– रू0 0.00 लाख **कुल– रू0 4.90 लाख**	राजस्व– रू0 8.01 लाख पूंजीगत– रू0 0.00 लाख **कुल– रू0 8.01 लाख**

3.2 मानक मदवार अनुमानित व्यय 2013–14 एवं आय–व्ययक अनुमान 2014–15

(हजार रू0 में)

मानक मद	वित्तीय वर्ष 2013 – 2014		वित्तीय वर्ष 2014 –15 हेतु आय–व्ययक अनुमान
	बजट प्राविधान	अनुमानित व्यय	
राजस्व मद			
01– वेतन	0	0	0
02– मजदूरी	200	50	150
03– महंगाई भत्ता	0	0	0
04– यात्रा भत्ता	100	50	50
05– स्थानान्तरण यात्रा भत्ता	0	0	0
06– अन्य भत्ता	50	25	50
07– मानदेय	200	105	150
08– कार्यालय व्यय	150	50	100
09– विद्युत	20	5	20
10– जल कर	5	0	1
11– लेखन सामग्री	30	15	30
12– कार्यालय साज सज्जा	50	25	50
13– टेलीफोन	20	5	20
14– गाडियों का क्रय	0	0	0
15– वाहनो का रखरखाव	150	75	100
16– व्यवसायिक सेवायें	0	0	0
17– किराया	100	45	50
18– प्रकाशन	10	10	10
19– विज्ञापन	10	10	10
20– ग्रान्ट इन एड	0	0	0
24– वृहद निर्माण कार्य	0	0	0
25– लघु निर्माण कार्य	0	0	0
26– मशीनरी/उपकरण	0	0	0
27– चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति	0	0	0
28– वाहनों का रखरखाव	0	0	0
29– अनुरक्षण	0	0	0
42– अन्य व्यय	0	0	0
44– प्रशिक्षण	0	0	0
45– एल0टी0सी0	0	0	0
46– कम्प्यूटर/हार्डवेयर क्रय	0	0	0
47– कम्प्यूटर रखरखाव एवं स्टेशनरी क्रय	20	20	10
योग राजस्व	**1115**	**490**	**801**
24– भवन निर्माण	**0**	0	**0**
कुल योग	**1115**	**490**	**801**

4 जलागम विकास परियोजनाओं हेतु समान मार्गदर्शी सिद्धान्त, 2008

4.1 केन्द्र पोषित समेकित जलागम विकास कार्यक्रम

भारत सरकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भूमि संसाधन विभाग नई दिल्ली द्वारा जलागम विकास परियोजनाओं के लिए समान मार्गदर्शी सिद्धान्त 2008 वर्ष 2008–09 में जारी किये गये है। इस कार्यक्रम को समेकित जलागम प्रबन्ध कार्यक्रम (IWMP) नाम दिया गया है, कार्यक्रम की मुख्य विशेषतायें निम्न हैः–

- राज्यों को शक्तियों का प्रत्यायोजन
- समर्पित संस्थागत व्यवस्थाये।
- समर्पित संस्थागत को वित्तीय सहायता (भारत सरकार द्वारा)
- कार्यक्रम की अवधि (4 वर्ष से 7 वर्ष)
- आजीविका अभिमुखीकरण (9% धनराशि मात्राकृत)
- सामूहिक दृष्टिकोण (Cluster approach)
- वैज्ञानिक आयोजना
- क्षमता विकास
- बहुआयामी दृष्टिकोण

परियेाजना प्रबन्धन

जलागम विकास परियोजनाओं के मुख्य कार्यकलापों को तीन चरणों के माध्यम से क्रियान्वित किया जायेगा।

चरण	नाम	अवधि
1	प्रारम्भिक चरण	1 – 2 वर्ष
2	कार्यचरण	2 – 3 वर्ष
3	समेकन और निवर्तन चरण	1 – 2 वर्ष

संस्थागत व्यवस्थायें

"समेकित जलागम प्रबन्ध कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्ट्रीय, राज्य, जिला तथा ग्राम पंचायत स्तर पर संस्थागत व्यवस्था"



एन.आर.एन.ए.	राष्ट्रीय वर्षा सिंचित क्षेत्र प्राधिकरण	**डब्ल्यू.डब्ल्यू.एम.सी.**	- जल एवं जलागम प्रबन्धन समिति
सी.एल.एन.ए.	केन्द्र स्तरीय नोडल एजेन्सी	**डब्ल्यू.डी.टी.**	- जलागम विकास दल
एन.डी.सी.	राष्ट्रीय डाटा सेन्टर	**जी.पी.**	- ग्राम पंचायत
एस.एल.एन.ए.	राज्य स्तरीय नोडल एजेन्सी	**एस.एच.जी.**	- स्वयं सहायता समूह
डी.डब्ल्यू.डी.यू.	जिला जलागम विकास इकाई	**यू.जी.**	- उपभोक्ता समूह
पी.आई.ए.	परियोजना कार्यान्वयन इकाई		-
डब्ल्यू.पी.एम.यू.	जलागम परियोजना प्रबन्ध इकाई		-
डी.डब्ल्यू.पी.एम.यू.	जिला जलागम परियोजना प्रबन्ध इकाई		
✸	**सोसाइटी रजिट्रशन एक्ट–1860 के अनुसार पंजीकृत संस्था**		

विभिन्न संघटकों के सम्बन्ध में बजट प्राविधान

विशिष्ट जलागम परियोजनाओं के लिए उनमें सम्मिलित विभिन्न संघटक के सम्बन्ध में बजट का वितरण निम्नानुसार हैः–

बजट संघटक	बजट की प्रतिशतता
प्रशासनिक लागत	10
निगरानी	1
मूल्यांकन	1
प्रारम्भिक चरण, निम्नलिखित सहित	
प्रारम्भिक कार्यकलाप	4
संस्थापन तथा क्षमता निर्माण	5
विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डी.पी.आर.)	1
जलागम कार्य चरणवार	
जलागम विकास कार्य,	56
निर्बल वर्ग समूह तथा भूमिहीन व्यक्तियों के लिए आजीविका सम्बन्धी कार्यकलाप,	9
उत्पादन प्रणाली तथा अति लघु (माइक्रो) उद्यम	10
समेकन चरण	3
योग	**100**

राज्य में समेकित जलागम प्रबन्ध परियोजना (आई0डब्ल्यू0एम0पी0) की वर्तमान स्थिति :

समान मार्गदर्शी सिद्धान्तों (Common Guidelines) के अनुसार **'जलागम प्रबन्ध निदेशालय उत्तराखण्ड''** को राज्य स्तरीय नोडल एजेन्सी (State Level Nodal Agency) नामित किया गया है, तथा 19 दिसम्बर 2008 में राज्य के विभिन्न विभागों को प्रतिनिधित्व देते हुए समिति का गठन किया गया, जिसमें एन0आर0ए0ए0 राज्य में स्थित भारत सरकार के प्रतिष्ठित संस्थानों तथा प्रतिष्ठित स्वयं सेवी संस्थाओं को भी सम्मिलित किया गया है।

4.2 संदर्शी एवं कार्यनीतिक योजना (State Perspective and Strategic Plan)

SLNA का पहला कार्य राज्य का State Perspective and Strategic Plan तैयार करना था। इस क्रम में निदेशालय द्वारा DoLR तथा NRAA (राष्ट्रीय वर्षासिचिंत क्षेत्र प्राधिकरण) द्वारा जारी निर्देशों व प्रारूपों पर राज्य का एक 18 वर्षीय Perspective and Strategic Plan (2009–2027) तैयार किया है। इसे चार भागों में विभाजित गया है। 11वीं पंचवर्षीय योजना में तीन वर्षो, 12वीं, 13वीं व 14वीं पंचवर्षीय योजना हेतु अलग–अलग भागों में तैयार कर राज्य के अनुपचारित क्षेत्रफल लगभग 19.50 लाख है0 हेतु योजना का ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है। इस 18–वर्षीय State Perspective and Strategic Plan (2009-2027) को तैयार कर DOLR, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार को प्रेषित किया गया है।

आई0डब्लू0एम0पी0 की 18 वर्षीय संदर्शी एवं कार्यनीतिक योजना (2009–2027)

क्र. सं.	जनपद का नाम	11वीं पंचवर्षीय योजना की अवशेष अवधि (2009 to 2012)		12वीं पंचवर्षीय योजना (2012-13 to 2016-17)		13वीं पंचवर्षीय योजना (2017-18 to 2021-22)		14वीं पंचवर्षीय योजना (2022-23 to 2026-27)		कुल योग 18 वर्ष	
		भौतिक (हेक्टयर)	वि. (रू0 करोड़)	भौतिक (हेक्टयर)	वित्तीय (रू0 करोड़)	भौतिक (हेक्टयर)	वित्तीय (रू0 करोड़)	भौतिक (हेक्टयर)	वित्तीय (रू0 करोड़)	भौतिक (हेक्टयर)	वित्तीय (रू0 करोड़)
1	अल्मोड़ा	35000	52.50	45000	67.50	50000	75.00	23585	35.38	153585	230.38
2	बागेश्वर	40000	60.00	45000	67.50	50000	75.00	61947	92.92	196947	295.42
3	चमोली	25000	37.50	20000	30.00	20000	30.00	4323	6.48	69323	103.98
4	रूद्रप्रयाग	20000	30.00	20000	30.00	12000	18.00	2462	3.69	54462	81.69
5	चम्पावत	20000	30.00	20000	30.00	20000	30.00	6387	9.58	66387	99.58
6	देहरादून	25000	37.50	15000	22.50	12000	18.00	1072	1.61	53072	79.61
7	हरिद्वार	30000	36.00	30000	36.00	30000	36.00	30000	36.00	120000	144.00
8	नैनीताल	40000	60.00	30000	45.00	50000	60.00	110934	133.12	230934	277.12
9	पौड़ी गढ़वाल	35000	52.50	35000	52.50	50000	75.00	123787	185.68	243787	365.68
10	पिथौरागढ़	30000	45.00	40000	60.00	50000	75.00	81780	122.67	201780	302.67
11	टिहरी गढ़वाल	40000	60.00	50000	75.00	40000	60.00	64261	96.39	194261	291.39
12	उद्यमसिंह नगर	50000	60.00	40000	48.00	40000	48.00	36780	44.14	166780	200.14
13	उत्तकाशी	40000	60.00	40000	60.00	40000	60.00	60569	90.85	180569	270.85
	योग	**430000**	**621**	**430000**	**624**	**464000**	**660**	**607887**	**858.52**	**1931887**	**2742.52**

प्रस्तावित योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों का उचित प्रबन्ध कर ग्रामीण क्षेत्रों की उत्पादन क्षमता बढाना है।

योजना के मुख्य घटक

- सामुदायिक सहभागिता के द्वारा जलागम विकास तथा प्रबन्धन व सामाजिक जागरूकता;
- जीविकोपार्जन गतिविधियों यथा कृषि पद्धति में सुधार, ग्रामीण भूमिहीन लोगों के लिए आय–अर्जक गतिविधियों, उत्पादों के लिए बाजार की उपलब्धता में सहयोग करना।
- संस्थागत विकास के अन्तर्गत जलागम समितियों का गठन, स्वयं सहायता समूहों का गठन तथा उनका क्षमता विकास आदि।

4.3 प्रारम्भिक परियोजना रिपोर्ट (Preliminary Projects Report - 2010-11)

भारत सरकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय भूमि संसाधन विभाग, नई दिल्ली द्वारा समेकित जलागम प्रबन्ध कार्यक्रम (आई0डब्ल्यू0एम0पी0) के अन्तर्गत वर्ष 2010–11 में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

क्र. सं.	जनपद का नाम	परियोजना संख्या	सम्मिलित विकास खण्ड	कुल प्रस्तावित क्षेत्रफल (हे0)	कुल लागत (रू0 लाख में)	केन्द्रांश (रू0 लाख में)	राज्यांश (रू0 लाख में)
1	अल्मोड़ा	4	चौखुटिया, साल्दें, हवलवाग ताडीखेत, भिकियासैंण, द्वाराहाट	19412	2911.80	2620.62	291.18
2	बागेश्वर	4	बागेश्वर, कपकोट, गरूड	19739	2960.85	2664.77	296.09
3	चमोली	2	दशोली, नारायणबगड़, पोखरी, कर्णप्रयाग	8350	1252.50	1127.25	125.25
4	चम्पावत	3	पाटी, चम्पावत	16511	2476.65	2228.99	247.67
5	देहरादून	3	चकराता	16263	2439.45	2195.51	243.95
6	नैनीताल	3	बेतालघाट, रामगढ़, धारी	14402	2160.30	1944.27	216.03
7	पौड़ी	4	बीरोंखोल, थलीसैण, कोट, पौड़ी, पावों	19098	2864.70	2578.23	286.47
8	पिथौरागढ़	2	धारचूला, डीडीहाट, कनालीछाना, बेरीनाग	10458	1568.70	1411.83	156.87
9	रूद्रप्रयाग	2	अगस्तमुनि, उखीमठ	12339	1850.85	1665.77	185.09
10	उधमसिंहनगर	4	बाजपुर, काशीपुर, सितारगंज, गदरपुर	22500	2700.00	2430.00	270.00
11	उत्तरकाशी	3	पुरौला, नौगांव, मोरी	17609	2641.35	2377.22	264.14
12	हरिद्वार	2	रूडकी, खानपुर	10000	1200.00	1080.00	120.00
	योग	**36**		**186681**	**27027.15**	**24324.44**	**2702.71**

स्वीकृत परियोजनाओं के प्रारम्भिक चरण हेतु 6 प्रतिशत धनराशि अवमुक्त भी हो चुकी है। वर्तमान में क्षमता विकास कार्यक्रम, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट, तथा प्रारम्भिक कार्यकलाप (Entry Point Activities) का कार्य समाप्ति पर है तथा कार्यचरण के कार्य प्रारम्भ किये जा रहे हैं।

4.4 प्रारम्भिक परियोजना रिपोर्ट (Preliminary Projects Report - 2011-12)

वर्ष 2011–12 हेतु राज्य के 11 जनपदों की 18 परियोजनाओं की प्रारम्भिक परियोजना रिर्पोट (PPR) भारत सरकार को माह फरवरी 2012 में प्रेषित की गई। रू0 142.4820 करोड की 99123 है0 क्षेत्रफल की परियोजनायें स्वीकृत हो चुकी है। जनपदवार विवरण निम्न है–

भारत सरकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय भूमि संसाधन विभाग, नई दिल्ली द्वारा समेकित जलागम प्रबन्ध कार्यक्रम (आई0डब्ल्यू0एम0पी0) के अन्तर्गत वर्ष 2011–12 में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

क्र0 संख्या	जनपद का नाम	स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या	सम्मिलित विकास खण्ड	कुल प्रस्तावित क्षेत्रफल (है0)	कुल परियोजना लागत (रू0 लाख में)	केन्द्रांश (रू0 लाख में)	राज्यांश (रू0 लाख में)
1	अल्मोड़ा	2	साल्दें, सल्ट भिकियासैंण	11487	1723.05	1550.75	172.31
2	बागेश्वर	1	गरूड़	6062	909.30	818.37	90.93
3	चमोली	1	घाट	4990	748.50	673.65	74.85
4	चम्पावत	1	चम्पावत	5854	878.10	790.29	87.81
5	नैनीताल	1	हल्द्वानी	5222	783.30	704.97	78.33
6	पौड़ी	2	कोट, पौड़ी थलीसैण	11466	1719.90	1547.91	171.99
7	पिथौरागढ़	1	मुनाकोट, पिथौरागढ़	4848	727.20	654.48	72.72
8	टिहरी	3	नरेन्द्रनगर, भिलंगना	16880	2532.00	2278.80	253.20
9	उधमसिहनगर	2	रूद्रपुर, जसपुर, काशीपुर	10675	1281.00	1152.90	128.10
10	उत्तरकाशी	2	नौगांव, पुरौला	11639	1745.85	1571.27	174.59
11	हरिद्वार	2	बहादराबाद, नारसन	10000	1200.00	1080.00	120.00
	योग	**18**		**99123**	**14248.20**	**12823.38**	**1424.820**

28 फरवरी, 2013 तक भारत सरकार द्वारा वर्ष 2011–12 की परियोजनाओं हेतु 6 प्रतिशत धनराशि रु0 6.56 करोड़ अवमुक्त की गई, जिसके सापेक्ष राज्य सरकार द्वारा राज्यांश की धनराशि रु0 0.73 करोड़ अवमुक्त की गई। वर्तमान में प्रारम्भिक चरण के कार्य किये जा रहे है।

4.5 प्रारम्भिक परियोजना रिपोर्ट (Preliminary Projects Report - 2012-13)

वर्ष 2012–13 हेतु राज्य के 5 जनपदों की 8 परियोजनाओं की प्रारम्भिक परियोजना रिर्पोट (PPR) भारत सरकार को प्रेषित की गई। रू0 54.62 करोड की 39531 है0 क्षेत्रफल की परियोजनायें स्वीकृत हो चुकी है। जनपदवार विवरण निम्न है–

क0 स0	जनपद का नाम	स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या	सम्मिलित विकास खण्ड	कुल प्रस्तावित क्षेत्रफल (है0)	कुल परियोजना लागत (रू0 लाख में)	केन्द्रांश (रू0 लाख में)	राज्यांश (रू0 लाख में)
1	अल्मोडा	2	भैसियाछाना	8513	1276.95	1149.255	127.695
2	पौड़ी	1	बीरोंखाल	5278	791.7	712.53	79.17
3	उधमसिंहनगर	1	सितारगंज	5585	670.2	603.18	67.02
4	हरिद्वार	2	लक्सर, बाहदराबाद	10000	1200	1080	120
5	टिहरी	2	भिलंगना	10155	1523.25	1370.925	152.325
योग	**5**	**8**	**6**	**39531**	**5462.1**	**4915.89**	**546.21**

4.6 परियोजना में अब तक अवमुक्त कुल धनराशि एवं उसके सापेक्ष व्यय (लाख रुपयों में)

स्वीकृत परियोजनाओं का वर्ष	स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या	31.03. 2013 तक व्यय	01.04.2013 का अवशेष	वर्ष 2013–14 के अंतर्गत अवमुक्त धनराशि			कुल उपलब्ध धनराशि	माह दिसम्बर 2013 तक व्यय	1 जनवरी 2014 अवशेष
				केन्द्रांश	राज्यांश	अन्य (व्यय)			
2010–11	36	729.39	1170.52	0	0	8.36	1178.88	601.83	577.04
2011–12	18	0	729.41	0	0	0	729.41	65.18	664.22
2012–13	08	0	0	0	0	0	0	9.84	0
योग	**62**	**729.39**	**1899.93**	**0**	**0**	**8.36**	**1908.29**	**676.85**	**1241.26**

4.7 समेकित जलागम प्रबन्ध कार्यक्रम के वित्तीय संसाधनों के स्रोतः

लेखा शीर्षक–	**अनुदान सं0 17 लेखाशीर्षक– 2401, फसल कृषि कर्म–00 आयोजनागत, 800 अन्य योजनाये, 01–केन्द्रीय आयोजनागत/ केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजना 0105– समेकित जलागम प्रबन्ध कार्यक्रम**	
वित्तीय वर्ष	**वित्तीय वर्ष 2013–14 में अनुमानित व्यय**	**वित्तीय वर्ष 2014–15 हेतु आय–व्ययक अनुमान**
आयोजनागत व्यय/बजट प्राविधान	राजस्व– रू0 624.00 लाख पूंजीगत– रू0 00.00 लाख **कुल– रू 624.00 लाख**	राजस्व– रू0 6520.00 लाख पूंजीगत– रू0 00.00 लाख **कुल– रू0 6520.00 लाख**

नोटः वित्तीय वर्ष 2013–14 में योजना के राज्यांश की धनराशि अंकित की गई है, केन्द्रांश की धनराशि केन्द्र सरकार द्वारा परियोजना कोष में सीधे हस्तान्तरित किया जाना प्राविधानित है। वित्तीय वर्ष 2014–15 में केन्द्रांश एवं राज्यांश की कुल धनराशि विभाग को विभागीय बजट के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जानी है। तदनुशार ही केन्द्रांश एवं राज्यांश की कुल धनराशि का बजट प्राविधान किया जा रहा है।

4.8 मानक मदवार अनुमानित व्यय 2013–14 एवं आय–व्ययक अनुमान 2014–15

(हजार रू0 में)

मानक मद	वित्तीय वर्ष 2013 – 2014		वित्तीय वर्ष 2014 –15
	बजट प्राविधान	वर्ष में अनुमानित व्यय	हेतु आय–व्ययक अनुमान
राजस्व मद			
01– वेतन	0	0	0
02– मजदूरी	0	0	0
03– महंगाई भत्ता	0	0	0
04– यात्रा भत्ता	0	0	0
05– स्थानान्तरण यात्रा भत्ता	0	0	0
06– अन्य भत्ता	0	0	0
07– मानदेय	0	0	0
08– कार्यालय व्यय	0	0	0
09– विद्युत	0	0	0
10– जल कर	0	0	0
11– लेखन सामग्री	0	0	0
12– कार्यालय साज सज्जा	0	0	0
13– टेलीफोन	0	0	0
14– गाडियों का क्रय	0	0	0
15– वाहनो का रखरखाव	0	0	0
16– व्यवसायिक सेवायें	0	0	0
17– किराया	0	0	0
18– प्रकाशन	0	0	0
19– विज्ञापन	0	0	0
20– ग्रान्ट इन एड	155083	62400	652000
24– वृहद निर्माण कार्य	0	0	0
25– लघु निर्माण कार्य	0	0	0
26– मशीनरी/उपकरण	0	0	0
27– चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति	0	0	0
28– वाहनों का रखरखाव	0	0	0
29– अनुरक्षण	0	0	0
42– अन्य व्यय	0	0	0
44– प्रशिक्षण	0	0	0
45– एल0टी0सी0	0	0	0
46– कम्प्यूटर/हार्डवेयर क्रय	0	0	0
47– कम्प्यूटर रखरखाव एवं स्टेशनरी क्रय	0	0	0
योग राजस्व	**155083**	**62400**	**652000**
24– भवन निर्माण	**0**	**0**	**0**
कुल योग	**155083**	**62400**	**652000**

5

विश्व बैंक वित्त पोषित उत्तराखण्ड विकेन्द्रीकृत जलागम विकास परियोजना (ग्राम्या)

5.1 उत्तराखण्ड विकेन्द्रीकृत जलागम विकास परियोजना (ग्राम्या) फेज–I (संक्षिप्त परिचय)

❖ अवधि	:	सितम्बर, 2004 से मार्च, 2012
❖ क्षेत्रफल	:	2348 वर्ग कि0मी0
❖ जनपद	:	देहरादून, पौड़ी गढवाल, रुद्रप्रयाग, टिहरी गढवाल, उत्तरकाशी, चमोली, नैनीताल, अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ एवं चम्पावत।
❖ विकास खण्ड	:	18
❖ ग्राम पंचायत	:	468
❖ सूक्ष्म जलागम	:	76
❖ वित्त पोषण	:	विश्व बैंक (वाह्य सहायतित)
❖ परियोजना अनुमानित वित्तीय लक्ष्य	:	कुल : रू0 451 करोड़ विश्व बैंक : रू0 351 करोड़ लाभार्थी अंश : रू0 14 करोड़ राज्य अंश : रू0 86 करोड़
❖ परियोजना अवधि में वास्तविक व्यय		कुल : रू0 488 करोड़ विश्व बैंक : रू0 344 करोड़ लाभार्थी अंश : रू0 43 करोड़ राज्य अंश : रू0 101 करोड़
❖ कार्यदायी संस्था		ग्राम पंचायत
❖ कार्य करने की पद्धति		जन सहभागिता
❖ परियोजना निदेशक (फील्ड)		सं0 2, मुख्यालय : ऋषिकेश , हल्द्वानी
❖ उप परियोजना निदेशक		सं0 8, मुख्यालय : विकासनगर, चिन्यालीसौड, अगस्तमुनि, गैरसैंण, लोहाघाट, पिथौरागढ, बागेश्वर, हल्द्वानी
❖ पार्टनर एन0जी0ओ0		संख्या 2, मुख्यालय–कोटद्वार, द्वाराहाट
❖ परियोजना की समितियां		**राज्य स्तर** – स्टेट स्टेयरिंग कमेटी **जिला स्तर** –जिला जलागम समिति **ग्राम पंचायत स्तर** –जल व जलागम प्रबन्ध समिति

उत्तराखण्ड विकेन्द्रीकृत जलागम विकास परियोजना के कार्य 18 विकास खण्ड़ों की चयनित सभी 468 ग्राम पंचायतों में सम्पादित किये गये। यह परियोजना मार्च 2012 में पूर्ण हो गई है।

वर्ष 2009–10 से जनपद उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, नैनीताल एवं बागेश्वर के चयनित 20 सूक्ष्म जलागमों में जैफ उप योजना का कार्यान्वयन किया गया है। यह योजना अगस्त 2013 में पूर्ण हो गई है।

5.2 परियोजना के अन्तर्गत Global Environment Facility (GEF) Trust Fund की उप परियोजना SLEM :

सामुदायिक सहभागिता से जलागम विकास की अवधारणा पर जलागम प्रबंध निदेशालय द्वारा संचालित की जा रही उत्तराखण्ड विकेन्द्रीकृत जलागम विकास योजना(ग्राम्या) की जलागम विकास गतिविधियों के अपेक्षित परिणामों में आनुपातिक वृद्धि तथा प्राप्त परिणामों को मुख्य धारा में प्रचलित करने के उद्देश्य से ग्लोबल इन्वायरमेंट फेसिलिटी फण्ड (जी0ई0एफ0) ट्रस्ट द्वारा 7.49 मि0 अमेरिकी डॉलर के अनुदान की स्वीकृति प्राप्त हुई। उक्त अनुदान से ग्राम्या के उद्देश्यों के अनुरूप ही पारिस्थितिकी तथा जैव विविधता के संरक्षण के साथ आय अर्जन के अवसरों में वृद्धि सम्बन्धी गतिविधियाँ की गयी।

ग्राम्या के अन्तर्गत उपचारित किये जा रहें 76 सूक्ष्म जलागम क्षेत्रों में से अत्यधिक भूक्षरण, निम्न सामाजिक व आर्थिक स्तर, व्यापक भूमि अवनतन तथा जैवविविधता ह्रास के अत्यधिक खतरे वाले 20 सूक्ष्म जलागमों में योजना के कार्यक्रमों का कार्यान्वयन कराया गया। जैफ ट्रस्ट फण्ड द्वारा प्राप्त अनुदान से ग्राम्या के उद्देश्यों एवं घटकों में कोई परिवर्तन किये बिना ही अधिक बेहतर अपेक्षित परिणाम प्राप्त किये गये।

उद्देश्य

पारिस्थिकीय क्रियाओं तथा जैवविविधता के पुनरोत्थान तथा दीर्धावधिक संरक्षण द्वारा जलागम प्रबन्धन गतिविधियों की चिरन्तरता हेतु सहयोग करने के साथ–साथ आय तथा आय अर्जन के अवसरों में वृद्धि तथा अनुभवों व सीख द्वारा अपेक्षित परिणामों में अनुपातिक वृद्धि कर, प्राप्त परिणामों को राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर मुख्य धारा में प्रचलित करना।

योजना गतिविधियां

1. **सामुदायिक सहभागिता से जलागम नियोजनः** ग्राम्या की चिन्हित 20 सूक्ष्म जलागमों के समग्र उपचार हेतु इनकी ग्राम पंचायत जलागम विकास योजनाओ (GPWDP) को सूक्ष्म जलागमवार

समन्वित कर सूक्ष्म जलागम स्तरीय योजनायें बनाया जाना। योजना निर्माण एवं सामुदायिक सहभागिता हेतु तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाना।

2. **जलागम स्तर पर दीर्घावधिक भूमि व पारिस्थितिकीय प्रबन्धन (एस0एल0ई0एम0) अवधारणा से भूमि अवनतन की रोकथामः** समुदाय द्वारा प्राथमिकता तय करके कृषि योग्य तथा अकृष्य भूमि पर भूमि संरक्षण कार्य, वन्य पुनरोत्पादन, चारागाह विकास, भू–संरक्षण बन्ध, वानस्पतिक अवरोधक, वनाग्नि तथा जल संवर्धन गतिविधियां।

3. **अकाष्ठकीय वन उत्पादों के प्रयोग/विपणन को प्रोत्साहित कर प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव कम करनाः** इस घटक के अन्तर्गत यू0डी0डब्ल्यू0डी0पी0 में की जा रही पाइनब्रिकेट निर्माण गतिविधि को और अधिक प्रोत्साहित किया गया, ताकि चीड की सूखी पत्तियों को ईधन के रूप में प्रयोग कर ईधन के लिये वनों पर पड़ने वाले दबाव को कम किया जा सके। साथ ही परियोजना क्षेत्र के निर्बल वर्ग समूहों एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा पाइनब्रिकेट निर्माण को आय अर्जक गतिविधियो के रूप में अंगीकृत किये जाने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

4. **सामुदायिक सहभागिता तथा जलागम नियोजन द्वारा जैवविविधता के संरक्षण व प्रबन्धन को प्रोत्साहनः** इस घटक के अन्तर्गत सभी 20 सूक्ष्म जलागम क्षेत्रों में समुदाय द्वारा कम से कम 5 स्थानीय औषधीय एवं सगन्ध पौध प्रजातियों के घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित किया जाना। यह कार्य सामूहिक उत्पादन अवधारणा के अनुसार किया गया, ताकि उत्पादों को विक्रय हेतु पर्याप्त मात्रा में उत्पादित कर मार्केट लिंकेज के माध्यम से बेचे जा सकें।

5. **प्राकृतिक संसाधन आधारित उत्पादन तन्त्र में जलवायु परिवर्तन के प्रति अनुकूलन में सुधारः** इस घटक में प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित पर्वतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले जलवायु परिवर्तन के प्रभावों हेतु समझ विकसित करने के लिये एक अध्ययन किये जाने के साथ अनुकूलन योजना भी तैयार की जानी थी।

6. सस्टेनेबल लैण्ड एण्ड इकोसिस्टम मैनेजमैन्ट (SLEM) की भागीदारी से सफलतम प्रयोगों का डॉक्यूमेंटेशन व उनका राज्य के साथ–साथ राष्ट्रीय स्तर पर प्रसार इस घटक के अन्तर्गत मुद्रण तथा दृश्य–श्रव्य माध्यमों के द्वारा अभिनव गतिविधियों का मुद्रण/प्रकाशन /प्रस्तुतिकरण किया जाना।

7. **परियोजना प्रबन्धन, अनुश्रवण तथा क्षमता विकासः** परियोजना कार्यों के मूल्यांकन व अनुश्रवण हेतु अनुबन्ध के आधार पर कार्मिकों की तैनाती।

अपेक्षित परिणाम

1. ग्राम पंचायत की सीमा से बाहर स्थित, सूक्ष्म जलागम क्षेत्र के कुछ भागों को सम्मिलित कर बनायी गयी ग्राम स्तरीय जलागम विकास योजना में दीर्घकालीन जलागम प्रबन्धन मुख्य घटक के रूप में शामिल होना।
2. मृदाक्षरण में कमी, बायोमास में बढ़ोत्तरी तथा जल उपलब्धता में वृद्धि।
3. नई तकनीक का अंगीकरण तथा अकाष्ठीय वन उत्पादों को बाजार से जोड़ने की प्रक्रिया तथा उत्पादन तन्त्र का विकास।
4. जलागम स्तर पर संख्या तथा गुणवत्ता दोनों आधारों पर जैव विविधता का विकास।
5. प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित पर्वतीय अर्थव्यवस्था पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों की समझ का विकास।
